आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 01.01.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का किया भूमिपूजन।

2– केन्द्र सरकार ने एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना जारी की।

3– छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरूआत हुई।

**और**

4– प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी भवन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के दो प्रारूप जारी किए।

..............

**भोरमदेव कॉरिडोर–भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय पर्यटन तथा संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज शाम कवर्धा जिले में आयोजित एक समारोह में भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को

संबोधित करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्पना है कि देश की विभिन्न तीर्थ स्थलों और मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन हो। इसी के तहत आज इस परियोजना का भूमिपूजन किया जा रहा है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत यह कॉरिडोर लगभग एक सौ छियालीस करोड़ रूपए की लागत से बनाया जाएगा। पर्यटन कॉरिडोर के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, सड़क, पार्किंग, व्यू प्वाइंट, पर्यटक सुविधा केंद्र, सौंदर्यीकरण और अन्य बुनियादी सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने आज महासमुंद जिले के सिरपुर स्थित ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मण देवालय, आनंद प्रभु कुटी विहार, तीवरदेव विहार, सुरंग टीला और स्थानीय हाट बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सिरपुर, भारत की प्राचीन धरोहर का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जिसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की आवश्यकता है।

**तंबाकू उत्पाद–उपकर**

केन्द्र सरकार ने इस वर्ष एक फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है। तंबाकू और पान मसालों पर ये नए शुल्क वस्तु और सेवा कर–जीएसटी दर के अतिरिक्त होंगे और वर्तमान में इन पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे। एक फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और ऐसे उत्पादों पर चालीस प्रतिशत तथा बीड़ी पर अट्ठारह प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

**श्रम संहिता–अधिसूचित**

केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इनमें मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्य

परिस्थिति संहिता शामिल हैं। इन संहिताओं में गिग वर्कर सहित अन्य श्रमिक, मजदूरी, रोजगार के प्रकार, ग्रेच्युटी, बोनस और सामाजिक सुरक्षा को परिभाषित किया गया है। इन मसौदा नियमों पर पैंतालीस दिनों के अंदर सभी हितधारक अपनी आपत्तियां और सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

**वीबी—जी राम जी योजना**

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी—राम—जी योजना श्रमिकों के लिए रोजगार को बढ़ावा देगी। उन्होंने किसानों, श्रमिकों, मजदूरों और लखपति दीदियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाएगी और ग्रामीण उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगी।

**एमओयू**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में आज मंत्रालय में छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण और श्री सत्य सांई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र का दायरा बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन तैयार करने और युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में एक अहम कदम है। एमओयू के तहत चार प्रकार के पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिनमें मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, कार्डियोलॉजी तकनीशियन, ईसीजी तकनीशियन, कार्डियक केयर तकनीशियन तथा इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन के प्रशिक्षण शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं पैदा करेंगी। साथ ही राज्य के दूरस्थ अंचलों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में मददगार साबित होगी।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह शुरू हो गया है। जांजगीर–चांपा जिले में राष्ट्रीय सुरक्षा माह के शुभारंभ अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

उधर, दंतेवाड़ा जिले के सिटी कोतवाली परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इकतीस जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान राज्य के सभी जिलों में सड़क सुरक्षा को लेकर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खेलो इंडिया–मशाल गौरव यात्रा

खेलो इंडिया राष्ट्रीय जनजातीय खेल प्रतियोगिता की जिम्मेदारी इस वर्ष छत्तीसगढ़ को मिली है। इसकी तैयारी जोरशोर से की जा रही है। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री तथा खेल और युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज रायपुर से

मशाल गौरव यात्रा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन राज्य के सभी जिलों में जाकर खेलो इंडिया जनजातीय खेल प्रतियोगिता का प्रचार–प्रसार करेगा। साथ ही आयोजन के शुभंकर मोरवीर और थीम–सांग के बारे में भी लोगों को जानकारी देगा।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव की बात है कि देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया राष्ट्रीय जनजातीय खेल प्रतियोगिता की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ को मिली है।

यह प्रतियोगिता आगामी फरवरी महीने में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, तैराकी, कुश्ती, एथलेटिक्स और वेट–लिफ्टिंग को शामिल किया गया है। इन खेलों में छत्तीसगढ़ से भाग लेने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए सात और आठ जनवरी को बिलासपुर के बहतराई स्थित राज्य प्रशिक्षण केंद्र और रायपुर के कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

**वंदे मातरम्–आकाशवाणी**

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी भवन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के दो प्रारूप जारी किए। ये आकाशवाणी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले राष्ट्रगीत के पच्चीस प्रारूपों के प्रस्तावित सेट में से पहले दो हैं। वंदे मातरम् की रचना के एक सौ पचासवें वर्ष के अंतर्गत ये प्रारूप डिजिटली जारी किए गए थे। श्री द्विवेदी ने कहा कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम का केवल गीत भर नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता का सशक्त तथा शाश्वत उद्घोष है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत के ये विविध प्रारूप विभिन्न संगीत शैलियों में प्रस्तुत किए गए हैं। इनका देश के नागरिकों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा और राष्ट्र की सांस्कृतिक विविधता सशक्त होगी।

**विशेष कार्यक्रम**

वर्ष दो हजार पच्चीस को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में एक निर्णायक बदलाव के रूप में याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने यह साफ संदेश दिया कि अब भारतीय नागरिकों पर होने वाले हमलों का जवाब केवल संयम से नहीं, बल्कि तेज, सटीक और निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई सोच को ''आतंकवाद पर पांच नये सामान्य सिद्धांत'' के रूप में स्पष्ट किया।

छत्तीसगढ़ राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को यह बता दिया कि जब भी राष्ट्रीय हितों की रक्षा की बात आएगी, तो भारतीय सेना किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार है।

इस पूरी बातचीत को आकाशवाणी रायपुर द्वारा आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट से नौ बजकर तीस मिनट तक प्रसारित किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

## ट्रेन परिचालन

ईस्ट कोस्ट रेलवे के अंतर्गत वाल्टेयर मंडल के रायगड़ा–विजयनगरम सेक्शन में अपग्रेडेशन कार्य के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली विशाखापत्तनम–रायपुर–विशाखापट्नम पैसेंजर पांच, बारह और उन्नीस जनवरी को रद्द रहेगी। वहीं, दुर्ग–विशाखापट्टनम–दुर्ग वंदेभारत एक्सप्रेस इन्हीं तिथियों में रायगड़ा और दुर्ग में समाप्त होगी।

## अमरेश मिश्रा–सम्मान

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू और एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी प्रमुख तथा रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा को आतंकवाद–रोधी अभियानों में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में छब्बीस और सत्ताईस दिसंबर को आयोजित आतंकवाद निरोधी सम्मेलन के दौरान उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए द्वारा किया गया।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के आज नौ वर्ष पूरे हो गए हैं। यह योजना एक जनवरी दो हजार सत्रह को गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

और

– मुंगेली पुलिस ने ''पहल'' अभियान के तहत कुल बीस लाख रूपये कीमत का गांजा, ब्राउन शुगर और नशीली टैबलेट बरामद की है। इस मामले में चौदह प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>